**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 15-09-2026**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा खलीलाबाद में 'मिशन शक्ति फेज-5.0'(II) व साइबर जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के छात्र/छात्राओ को किया गया जागरूक।**
- **राजपत्रित अधिकारी गण के साथ गोष्ठी कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आज दिनांक 15.09.2026 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री संदीप कुमार मीना के साथ महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे "मिशन शक्ति" (फेज-5.0(¡¡) एवं साइबर सुरक्षा व जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'गंगा देवी कपिलदेव तिवारी पीजी कॉलेज/ उदय इंटरनेशनल स्कूल भुजैनी खलीलाबाद' मे आयोजित एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम मे प्रतिभाग किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा उपस्थित छात्राओं व महिलाओं को संकट के समय सहायता के लिए जारी विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों—112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (महिला पावर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन),102 व 108 (एम्बुलेंस सेवा) एवं 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन)आदि के सम्बंध मे विस्तृत जानकारी दी गई। वर्तमान में बढ़ रहे डिजिटल व साइबर अपराधों (जैसे ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फाइनेंशियल फ्रॉड आदि) के बारे मे जानकारी देकर सतर्क रहने और अपने व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित रखने के तरीके समझाए गए। किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया गया। महिलाओं / छात्राओं को उनके अधिकारों, मिशन शक्ति केंद्र तथा पिंक बूथ के माध्यम से मिलने वाली त्वरित सहायता के संबंध मे जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली छात्राओ को सम्मानित किया गया।

तत्पश्चात सभी राजपत्रित अधिकारीगण के साथ सर्किट हाउस मे गोष्ठी की गयी।गोष्ठी के दौरान अपराधों की समीक्षा कर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने, लंबित विवेचनाओं/जांचों एवं विभागीय कार्यवाहियों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा गंभीर व अनावरित अपराधों के शीघ्र अनावरण के निर्देश दिये गये। पुलिसिंग को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने हेतु ‘यक्ष ऐप’ के शत-प्रतिशत एवं सही उपयोग पर बल दिया गया। राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवादों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण कराने व आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत फ्लैग मार्च, पीस कमेटी की बैठकें एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिये गये |

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुशील कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**